भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 196

उत्तर देने की तारीख 03 फरवरी, 2025

14 माघ, 1946 (शक)

केरल के ग्रामीण क्षेत्रों में खेल अवसंरचना में सुधार

196. श्री राजमोहन उन्नीथन:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा संपूर्ण देश, विशेषकर केरल में युवाओं को सशक्त बनाने के लिए वर्तमान में कार्यान्वित की जा रही प्रमुख पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा केरल के ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों हेतु अवसंरचना में सुधार करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं; और

(ग) क्या सरकार की भिन्न रूप से सशक्त युवाओं के लिए खेल विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए किसी नई योजना को कार्यान्वित करने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, देश में दिव्यांग युवाओं के लिए खेल विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए नई स्कीमों के कार्यान्वयन, खेल अवसंरचना के विकास और युवा सशक्तिकरण सहित खेलों के विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय केरल राज्य सहित देशभर में खेलों को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित स्कीमों को लागू करता है:

(i) खेलो इंडिया - राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम; (ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता; (iii) अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के विजेताओं और उनके कोचों को विशेष पुरस्कार; (iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार; (v) प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पेंशन; (vi) खिलाड़ियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कार्यक्रम; (vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि; और (viii) भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन।

उपरोक्त स्कीमों का विवरण इस मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की वेबसाइटों पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

खेलो इंडिया स्कीम के "खेल अवसंरचना के निर्माण और उन्नयन" घटक के अंतर्गत, यह मंत्रालय खेल उपकरणों के साथ-साथ खेल परिसर, सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक, सिंथेटिक हॉकी मैदान, सिंथेटिक टर्फ फुटबॉल मैदान, बहुउद्देशीय हॉल, स्विमिंग पूल आदि जैसी बुनियादी खेल अवसंरचना के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इसके साथ ही, राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के तहत, सरकार केरल राज्य सहित पूरे देश में खेल सुविधाओं के निर्माण और उन्नयन के लिए विभिन्न संस्थाओं और व्यक्तियों को सहायता प्रदान करती है। केरल राज्य सहित पूरे देश में खेलो इंडिया स्कीम और एनएसडीएफ के तहत स्वीकृत खेल अवसंरचना का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय केरल राज्य सहित देशभर में युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्कीमें यथा (i) मेरा युवा भारत (माई भारत); (ii) नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस); (iii) राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कार्यान्वित करता है । अधिक जानकारी के लिए https://yas.gov.in/youth-affairs देखें।

*****